C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 352 | बिजौलिया - बुधवार, 08 जुलाई 2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## राममंदिर ट्रस्ट पर गहलोत का बड़ा हमलाः

### बोले- सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो जांच, नया ट्रस्ट बनाकर योगी संभालें कमान

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

अयोध्या के राममंदिर में चढ़ावे से जुड़ी कथित अनियमितताओं को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने पूरे मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराने, मौजूदा राममंदिर ट्रस्ट को भंग करने तथा नया ट्रस्ट गठित कर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उसका अध्यक्ष बनाने की मांग की। गहलोत ने दावा किया कि राममंदिर निर्माण के दौरान राजस्थान के भरतपुर स्थित बंसी पहाड़पुर क्षेत्र से अवैध खनन कर पत्थर ले जाए जा रहे थे, जिसे उन्होंने तत्कालीन समय में खुद उठाया था।



दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए गहलोत ने कहा कि राममंदिर करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। ऐसे में यदि चढ़ावे में गड़बड़ी या चोरी जैसे आरोप सामने आते हैं तो यह केवल आर्थिक मामला नहीं, बल्कि देशभर के श्रद्धालुओं की भावनाओं से जुड़ा गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित एसआईटी पर सवाल उठ रहे हैं, इसलिए पूरे मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में होनी चाहिए ताकि सच्चाई निष्पक्ष रूप से सामने आ सके।

गहलोत ने सुझाव दिया कि जांच पूरी होने के बाद वर्तमान ट्रस्ट को भंग कर नया ट्रस्ट बनाया जाए, जिसकी अध्यक्षता स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करें। उन्होंने कहा कि नए ट्रस्ट में केवल एक विचारधारा के लोगों को जगह देने के बजाय सभी वर्गों और विभिन्न विचारधाराओं के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाना चाहिए। उनका आरोप था कि वर्तमान ट्रस्ट में आरएसएस और भाजपा से जुड़े लोगों का ही वर्चस्व है, जिससे जवाबदेही तय नहीं हो पा रही।

पूर्व मुख्यमंत्री ने राममंदिर निर्माण के दौरान राजस्थान की भूमिका का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण में इस्तेमाल होने वाला पत्थर भरतपुर के बंसी पहाड़पुर क्षेत्र से लाया गया था। उस समय वहां बड़े पैमाने पर अवैध खनन हो रहा था। उन्होंने बताया कि राममंदिर ट्रस्ट से जुड़े पदाधिकारी उनसे मिलने आए थे, तब उन्होंने स्पष्ट कहा था कि यदि यह भगवान राम का पवित्र कार्य है तो निर्माण में अवैध खनन से निकला पत्थर नहीं, बल्कि वैध खनन का पत्थर ही उपयोग किया जाए।

गहलोत ने दावा किया कि इस मुद्दे की जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंची थी। इसके बाद तत्कालीन अधिकारियों के साथ बातचीत हुई और संबंधित क्षेत्र को वन क्षेत्र से बाहर निकालने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई, जिससे वैधानिक रूप से खनन संभव हो सका। उन्होंने कहा कि राममंदिर निर्माण का विषय होने के कारण प्रक्रिया तेजी से पूरी हुई, अन्यथा ऐसे मामलों में वर्षों लग जाते हैं।

चढ़ावे में कथित गड़बड़ी के मुद्दे पर गहलोत ने कहा कि इस घटना से हर हिंदू की आस्था आहत हुई है। उनके अनुसार, जिस मंदिर को करोड़ों लोगों ने श्रद्धा और विश्वास से बनाया, उसी से जुड़े चढ़ावे पर सवाल उठना पूरे देश के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने दोहराया कि मामले की निष्पक्ष जांच ही जनता का विश्वास बहाल कर सकती है।

## बैंक की लाइन में खड़े किसान की जेब से 50 हजार पार, CCTV में कैद हुए चार संदिग्ध

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचन्द पेसवानी**

शाहपुरा के नई आबादी स्थित ग्रामीण बैंक में शुक्रवार को दिनदहाड़े उचक्कागिरी की वारदात सामने आई। आमली कलां निवासी प्रहलाद माली की बैंक में लाइन में खड़े रहने के दौरान पीछे की जेब से अज्ञात बदमाश 50 हजार रुपए निकालकर फरार हो गया। घटना के बाद बैंक परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज खंगालकर जांच शुरू कर दी।

**भीड़ का फायदा उठाकर दिया वारदात को अंजाम**

जानकारी के अनुसार प्रहलाद माली बैंक में अपने कार्य से पहुंचे थे। बैंक में भीड़ अधिक होने के कारण वे लाइन में खड़े थे। इसी दौरान पीछे खड़े कुछ युवकों ने धक्का-मुक्की का फायदा उठाकर उनकी पीछे की जेब में रखे 50 हजार रुपए निकाल लिए। कुछ देर बाद जेब टटोलने पर नकदी गायब होने का पता चला, तब तक आरोपी फरार हो चुके थे।

**CCTV फुटेज में चार युवक नजर आए**

घटना की सूचना मिलने पर आमली कलां के प्रशासक सत्यनारायण मालू भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बैंक और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की



फुटेज खंगाली। फुटेज में एक बाइक पर चार युवक बैंक के पास आते दिखाई दिए। इनमें से एक युवक बैंक के अंदर गया और वारदात को अंजाम देने के बाद बाहर निकलकर साथियों से मिला। इसके बाद चारों दो-दो के समूह में अलग-अलग दिशा में चले गए।

**आरोपी की तस्वीर स्पष्ट, तलाश तेज**

पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज में मुख्य संदिग्ध का चेहरा स्पष्ट दिखाई दे रहा है। फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। आसपास के अन्य कैमरों की रिकॉर्डिंग भी खंगाली जा रही है।

**पुलिस ने लोगों से की अपील**

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि फुटेज में दिखाई देने वाले युवकों की पहचान हो या उनके संबंध में कोई जानकारी मिले तो तुरंत शाहपुरा थाना पुलिस को सूचना दें।

## चलती कार में रिश्वत का खेल, ACB ने पटवारी को दबोचा

### कोर्ट की डिक्री दर्ज करने के बदले मांगे 20 हजार, डैशबोर्ड में रखवाए नोट; एसीबी ने रंगे हाथों किया गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा/जहाजपुर।**

सरकारी काम के बदले रिश्वत लेने वालों पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। मंगलवार को जहाजपुर तहसील के ऊंचा हल्का में पदस्थ पटवारी भंवर सिंह उस समय एसीबी के जाल में फंस गया, जब उसने कोर्ट की डिक्री को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने की एवज में 20 हजार रुपए की रिश्वत ली। आरोपी ने रिश्वत की रकम अपने कार्यालय में लेने के बजाय चलती कार में ली और परिवादी से नोट कार के डैशबोर्ड में रखवा दिए। पहले से निगरानी कर रही एसीबी टीम ने मौके पर ही कार को घेर लिया और डैशबोर्ड से रिश्वत की राशि बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीणा ने बताया कि मामले की शुरुआत हेल्पलाइन 1064 पर मिली शिकायत से हुई। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके पिता के पक्ष में न्यायालय का फैसला आने के बावजूद राजस्व रिकॉर्ड में डिक्री दर्ज करने के लिए पटवारी 20 हजार रुपए की मांग कर रहा है।

शिकायत का गोपनीय सत्यापन कराया गया तो रिश्वत मांगने की पुष्टि हो गई। इसके बाद एसीबी ने पूरी रणनीति तैयार की। तय योजना के अनुसार मंगलवार को परिवादी आरोपी पटवारी से मिला। पटवारी पहले उसे कार्यालय बुलाकर अपनी कार में बैठाकर ले गया और रास्ते में 20 हजार रुपए लेकर डैशबोर्ड बॉक्स में रखवा दिए। जैसे ही तय संकेत मिला, एसीबी की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को रिश्वत की राशि सहित रंगे हाथों पकड़ लिया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि संबंधित भूमि विवाद में न्यायालय पहले ही परिवादी के पिता के पक्ष में फैसला सुना चुका था। इसके बावजूद सरकारी रिकॉर्ड में आदेश दर्ज करने के लिए रिश्वत मांगी जा रही थी।

गिरफ्तार आरोपी भंवर सिंह मूलतः सीकर जिले का निवासी है और वर्तमान में जहाजपुर तहसील के ऊंचा हल्का में पटवारी के पद पर कार्यरत था। एसीबी ने उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। उससे पूछताछ जारी है और यह भी खंगाला जा रहा है कि कहीं उसने अन्य मामलों में भी इसी तरह रिश्वत लेकर काम तो नहीं किए।

## रसद अधिकारियों का 'खेल': सही रिपोर्ट को किया गायब, कूट रचित दस्तावेजों से किया लाइसेंस निलंबित, पीड़ित ने कलेक्टर से लगाई गुहार

### जिला कलेक्टर ने दिया निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई का भरोसा



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

रसद विभाग के अधिकारियों द्वारा कथित रूप से फर्जी और कूट रचित दस्तावेज तैयार कर दुकान का लाइसेंस निष्पादित करने का एक गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित दुकानदार ने जिला कलेक्टर से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई है और दोषियों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की मांग की है।


खामोर (शाहपुरा) निवासी ओमप्रकाश वैष्णव ने मीडिया को बताया कि गत 29 अक्टूबर को रसद विभाग की टीम ने उनकी दुकान का निरीक्षण किया था। इस जांच के दौरान टीम को किसी भी प्रकार की अनियमितता या कमी नहीं मिली थी। मौके पर दो प्रतियों में फर्द मौका और निरीक्षण दस्तावेज तैयार किया गया था, जिस पर दुकानदार और वहां मौजूद दो स्वतंत्र गवाहों के कानून हस्ताक्षर भी करवाए गए थे


दुकानदार का आरोप है कि जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद विभागीय अधिकारियों ने कार्यालय पहुंचकर डीएसओ (DSO) या किसी अन्य राजनेता के कथित दबाव में आकर मूल निरीक्षण प्रपत्र में हेरफेर कर दिया। फर्जी तरीके से नया प्रपत्र तैयार कर उसमें गंभीर अनियमितताओं के झूठे आरोप जोड़ दिए गए और इसी के आधार पर उनकी दुकान को निलंबित (सस्पेंड) कर दिया गया।

हाईकोर्ट से केविअट नोटिस मिलने के बाद जब पीड़ित ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रमाणित प्रतियां (सर्टिफाइड कॉपियां) प्राप्त कीं, तो उनके होश उड़ गए। मौके पर तैयार की गई फर्द गायब थी और उसकी जगह कूट रचित दस्तावेज शामिल थे। पीड़ित ने इसकी निजी स्तर पर एफएसएल (स्नस्रु) जांच भी करवाई और गत 2 दिसंबर को फूलिया कलां थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। हालांकि, पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने और अधिकारियों द्वारा उनके खिलाफ राजकार्य में बाधा व एसटी-एससी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराने के बाद मामला और पेचीदा हो गया, जिस पर दुकानदार हाईकोर्ट से स्टे लेकर आए हैं।

शाहपुरा न्यायालय की शरण लेने के बाद अदालत ने अब फूलिया कलां थाना पुलिस को इस मामले में एफआईआर दर्ज कर कानूनी अनुसंधान करने के आदेश दिए ।पुलिस ने सोमवार को न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया। इसी क्रम में मंगलवार को पीड़ित ओमप्रकाश वैष्णव ने जिला कलेक्टर को इस पूरे प्रकरण से अवगत कराते हुए एक ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए निष्पक्ष विभागीय जांच कराने और दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को निलंबित करने का भरोसा दिलाया है।

## 68 लाख की सड़क-नाला परियोजना का रास्ता हुआ साफ, अतिक्रमण पर चला प्रशासन का पीला पंजा





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**(नरेश धाकड़)** कस्बे की इंद्रा कॉलोनी में लंबे समय से प्रस्तावित 68 लाख रुपये की सीसी सड़क एवं नाला निर्माण परियोजना का रास्ता आखिरकार साफ हो गया। मंगलवार को प्रशासन ने विकास कार्य में बाधा बने सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमणों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए जेसीबी से सीमा से बाहर बने पक्के निर्माण ध्वस्त कर दिए। कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुटी रही, जबकि पुलिस की मौजूदगी में अभियान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

तहसीलदार ललित डीडवानिया और नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल के नेतृत्व में चली कार्रवाई में एबनेजर स्कूल से कांग्रेस कार्यालय तक प्रस्तावित सड़क और नाला निर्माण के लिए बाधा बने अतिक्रमण हटाए गए। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने बताया कि 68 लाख रुपये की लागत से 610 मीटर लंबी सीसी सड़क तथा 310 मीटर नाले का निर्माण कराया जाएगा। निर्माण कार्य शुरू करने से पहले हुए सर्वे में कई स्थानों पर सरकारी भूमि पर पक्के निर्माण और अतिक्रमण पाए गए थे, जिससे परियोजना प्रभावित हो रही थी।

उन्होंने बताया कि विकास कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने और आमजन को बेहतर सड़क एवं जल निकासी की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सीमा से बाहर बने पक्के निर्माणों को हटाकर निर्माण कार्य के लिए रास्ता पूरी तरह साफ कर दिया गया।

कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग के पटवारी, गिरदावर, नगर पालिका का अमला तथा पुलिस जाब्ता मौके पर तैनात रहा। प्रशासन की निगरानी में पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

C M Y K

# ग्रामीण सेवा शिविर में उमड़े ग्रामीण, 71 से अधिक राजस्व प्रकरणों का मौके पर निस्तारण



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

राज्य सरकार के जनकल्याण शिविर अभियान के तहत मंगलवार को ग्राम पंचायत माल का खेड़ा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर ग्रामीणों के लिए त्वरित राहत का माध्यम बना। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने एक ही स्थान पर आमजन की समस्याएं सुनकर उनका मौके पर समाधान किया, जिससे ग्रामीणों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिली।

शिविर में 22 विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। राजस्व विभाग ने सबसे अधिक कार्य करते हुए 71 से अधिक प्रकरणों का निस्तारण किया। इनमें आपसी सहमति से एक भूमि बंटवारा, 25 नाम शुद्धिकरण, 5 रास्ता खुलासा, 12 सीमाज्ञान एवं पत्थरगढ़ी, एक सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने, एक गैर खातेदारी से खातेदारी का प्रकरण तथा 26 मूल निवास, जाति एवं हैसियत प्रमाण पत्र जारी किए गए। वहीं, पंचायत राज विभाग ने स्वामित्व संबंधी विभिन्न कार्यों के साथ 4 पट्टों एवं 6 व्यक्तिगत घरेलू शौचालय (आईएचएचएल) के आवेदन तैयार किए। शिविर में अन्य विभागों ने भी अपनी-अपनी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र लोगों को लाभान्वित किया।

शिविर का संचालन शिविर प्रभारी एवं विकास अधिकारी अशेष शर्मा के निर्देशन में हुआ। इस दौरान अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी इरशाद मोहम्मद, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मालीराम यादव, प्रशासक गुड्डी देवी बलाई, ग्राम विकास अधिकारी रवि पालीवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बिजोलिया का स्टोन उद्योग मंदी की मार से बेहाल, हजारों लोगों के सामने रोज़गार का संकट

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**नरेश धाकड़**



ऊपरमाल क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले स्टोन उद्योग पर इन दिनों गहरी मंदी का असर देखने को मिल रहा है। बाजार में मांग घटने से स्टोन एक्सपोर्ट और सप्लाई का काम लगभग ठप पड़ गया है। इसका सीधा असर उद्योग से जुड़े व्यापारियों, ट्रांसपोर्ट व्यवसाय, मजदूरों और छोटे कारोबारियों पर पड़ रहा है।

स्टॉक व्यवसायी अनिल धाकड़ ने बताया कि पिछले कुछ समय से बाजार पूरी तरह नरम चल रहा है। तैयार माल स्टॉक यार्डों में पड़ा है, लेकिन ऑर्डर नहीं मिलने से लोडिंग नहीं हो पा रही है। इससे व्यापारियों की पूंजी फंस गई है और उद्योग से जुड़े सभी वर्ग आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि स्टोन उद्योग में आई मंदी के कारण स्टॉक पर काम करने वाले बड़ी संख्या में मजदूर बेरोजगार हो गए हैं। कई परिवारों के सामने रोज़ी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। मजबूरी में अनेक श्रमिक रोजगार की तलाश में भीलवाड़ा, कोटा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर सहित अन्य शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं।

मंदी का असर ट्रांसपोर्ट व्यवसाय पर भी साफ दिखाई दे रहा है। पहले प्रतिदिन बड़ी संख्या में ट्रक स्टोन की ढुलाई में लगे रहते थे, लेकिन अब लोडिंग कम होने से वाहन मालिकों, चालकों और ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों की आय में भारी गिरावट आई है। वहीं डीजल, वाहन मरम्मत और अन्य सहायक व्यवसाय भी प्रभावित हो रहे हैं। धाकड़ ने बताया कि यदि जल्द ही बाजार में सुधार नहीं हुआ और नए ऑर्डर नहीं मिले, तो आने वाले समय में उद्योग से जुड़े हजारों लोगों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो सकता है। उन्होंने सरकार से स्टोन उद्योग को राहत देने, व्यापार को बढ़ावा देने तथा रोजगार बचाने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि स्टोन उद्योग ही बिजोलिया की आर्थिक धुरी है। यदि इस उद्योग में तेजी आती है तो व्यापार, ट्रांसपोर्ट, मजदूरी और स्थानीय बाजार सभी में फिर से रौनक लौट सकती है। फिलहाल उद्योग में छाई मंदी ने पूरे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को प्रभावित कर दिया है।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत राजकीय कन्या महाविद्यालय में पौधारोपण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में मंगलवार को 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सावन कुमार जांगिड़ ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. प्रतिभा राव, कार्यक्रम अधिकारी रीना सालोदिया, डॉ. गौरव कारवाल, डॉ. सांगा राम सुथार, अनुकृति ढेबाना सहित अन्य प्राध्यापकों एवं छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

प्राचार्य डॉ. सावन कुमार जांगिड़ ने कहा कि बढ़ते पर्यावरणीय संकट को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माता के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ उनकी नियमित देखभाल भी उतनी ही आवश्यक है, ताकि भविष्य की पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित पर्यावरण मिल सके। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं एवं संकाय सदस्यों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# अवैध बजरी खनन पर पुलिस की कार्रवाई, तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**(सांवर वैष्णव)।** बड़लियास थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सुठेपा गांव के निकट सोमवार रात तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर संबंधित वाहन चालकों व मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कार्रवाई के बाद खनिज विभाग को भी सूचना भेजी गई है।

थानाधिकारी जसवंत सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि जित्या मार्ग से सुठेपा की ओर तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में अवैध बजरी का परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने चौधरियास क्षेत्र में गश्त करते हुए सुठेपा के पास घेराबंदी की। इस दौरान सामने से बजरी से भरी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां आती दिखाई दीं।

पुलिस को देखकर चालक ट्रैक्टर-ट्रॉलियां सड़क किनारे छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तीनों वाहनों को जब्त कर थाने पहुंचाया तथा वाहन चालकों, मालिकों एवं अन्य सहयोगियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बनास नदी से अवैध रूप से बजरी का खनन कर उसका परिवहन किया जा रहा था। मामले की सूचना अग्रिम कार्रवाई के लिए खनिज विभाग को भी भेज दी गई है।

कार्रवाई में एएसआई गोपाल सिंह, कांस्टेबल संदीप कुमार तथा एमबीसी जवान जगदीश शामिल रहे।

# बार-बार बिजली गुल होने से चम्बल पेयजल परियोजना प्रभावित, आज जलापूर्ति रहेगी बाधित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



चम्बल-भीलवाड़ा पेयजल परियोजना के विभिन्न पम्प हाउसों पर पिछले करीब 15 दिनों से बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण शहर सहित जिले के कई शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था प्रभावित हो रही है। जलदाय विभाग ने बताया कि तकनीकी कारणों से 8 जुलाई की जलापूर्ति भी प्रभावित रहेगी।

जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता के अनुसार 6 जुलाई की रात 8:15 बजे से 7 जुलाई की सुबह 2:35 बजे तक भुंजरकला पम्प हाउस पर बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रही। इससे सोमवार की निर्धारित जलापूर्ति प्रभावित हुई। मंगलवार को भी इनटेक, भुंजरकला एवं तेलीखेड़ा पम्प हाउस पर बार-बार पावर ट्रिपिंग होने से परियोजना का संचालन प्रभावित रहा।

विभाग के अनुसार लगातार विद्युत व्यवधान के चलते भीलवाड़ा शहर के अलावा जिले के विभिन्न शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार की जलापूर्ति पर असर पड़ेगा। विभाग ने उपभोक्ताओं से पानी का आवश्यकतानुसार एवं मितव्ययिता से उपयोग करने की अपील करते हुए आश्वस्त किया है कि विद्युत आपूर्ति सामान्य होते ही जल वितरण व्यवस्था को नियमित करने के प्रयास किए जाएंगे।

# नेशनल हाईवे पर ट्रक-बाइक की भिड़ंत, युवक की मौत, एक गंभीर घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल।**



जयपुर-उदयपुर नेशनल हाईवे पर मंगलवार को ट्रक और मोटरसाइकिल की आमने-सामने की भिड़ंत में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस के पायलट प्रभु प्रजापत एवं मेल नर्स गिरिराज पायक मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। गंभीर रूप से घायल गिरीश गर्ग पुत्र गोपाल गर्ग, निवासी भीलवाड़ा को प्राथमिक उपचार के बाद उप जिला चिकित्सालय मांडल पहुंचाया गया।

हादसे में मांडल निवासी 32 वर्षीय अर्पित बिड़ला पुत्र श्यामसुंदर बिड़ला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

# लग्जरी-स्लीपर बसों पर बड़ी कार्रवाई: सुरक्षा मानकों में लापरवाही पर तीन बसें सीज, एक का चालान

## राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के विशेष अभियान के तहत संयुक्त टीम का निरीक्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में लग्जरी एवं स्लीपर बसों की सुरक्षा जांच के लिए एक माह का विशेष अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत बुधवार को होटल लैंडमार्क ट्रेवल्स परिसर में संयुक्त टीम ने सघन निरीक्षण किया। जांच के दौरान सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर तीन बसों को सीज किया गया, जबकि एक बस का चालान बनाया गया। कार्रवाई से ट्रेवल्स संचालकों में हड़कंप मच गया।

निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रश्मि आर्य स्वयं मौके पर मौजूद रहीं। उनके साथ अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) डॉ. हरितिमा, जिला परिवहन अधिकारी रामकृष्ण चौधरी, गांधीनगर थाना प्रभारी पुष्पा कांसोटिया सहित परिवहन, पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

जांच में कई बसों में सुरक्षा संबंधी गंभीर खामियां सामने आईं। कुछ बसों के इमरजेंसी एग्जिट निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य नहीं कर रहे थे और बार-बार प्रयास के बावजूद नहीं खुले। इसके अलावा कुछ बसों में यात्रियों के साथ भारी सामान और लोहे की रॉड ले जाई जा रही थी, जो किसी दुर्घटना की स्थिति में बड़ा खतरा बन सकती है। कई वाहनों के आवश्यक दस्तावेज, बीमा और अन्य अभिलेख भी अपूर्ण पाए गए। इन अनियमितताओं के आधार पर परिवहन विभाग ने तीन बसों को सीज कर दिया तथा एक बस के खिलाफ चालानी कार्रवाई की।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रश्मि आर्य ने बताया कि दौसा बस अग्निकांड की घटना को माननीय मुख्य न्यायाधीश ने गंभीरता से लिया है। इसी के मद्देनजर राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला स्तर पर परिवहन विभाग, पुलिस, प्रशासन एवं अन्य संबंधित विभागों की संयुक्त टीम गठित कर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जिन बसों में सरकार द्वारा निर्धारित स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) का पालन नहीं किया जाएगा, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यात्रियों से भी अपील की कि यात्रा से पहले बस में इमरजेंसी एग्जिट, दोनों ओर निकास द्वार, अग्निशमन यंत्र और इमरजेंसी हैमर जैसी सुरक्षा सुविधाओं की जांच अवश्य करें। यदि किसी बस में सुरक्षा मानकों की अनदेखी दिखाई दे तो उसमें यात्रा करने से बचें। उन्होंने स्पष्ट किया कि आवश्यक सुरक्षा सुधार किए बिना किसी भी बस को सड़क पर संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

जिला परिवहन अधिकारी रामकृष्ण चौधरी ने बताया कि विभाग नियमित रूप से जांच अभियान संचालित करता है। बाहरी राज्यों से बड़ी संख्या में बसों के जिले में आवागमन को देखते हुए सतत निगरानी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि न्यायालय एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुरूप यह अभियान आगामी एक माह तक जारी रहेगा और जिन वाहनों में बीआईएस मानकों अथवा अन्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन पाया जाएगा, उनके विरुद्ध चालान, सीज सहित नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा मंडल की मासिक बैठक में संगठन विस्तार पर जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ।**



भारतीय जनता पार्टी मंडल की मासिक बैठक मंगलवार को त्रिवेणी स्थित मंदिर परिसर में मंडल अध्यक्ष ब्रजमोहन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, शक्ति केंद्र कार्यकारिणीयों का गठन करने तथा अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया।

मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष कल्पेश चौधरी ने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार बूथ स्तर तक संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने और शक्ति केंद्रों को सक्रिय बनाने का आह्वान किया।

मंडल अध्यक्ष ब्रजमोहन शर्मा ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को मंडल एवं बूथ स्तर पर व्यापक रूप से आयोजित करने की अपील करते हुए कार्यकर्ताओं से सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह किया।

बैठक में विधानसभा संयोजक अनिल कुमार पारीक, सहसंयोजक संदीप सोनी, मंडल महामंत्री कैलाश सुखवाल एवं अरविंद माली, उपाध्यक्ष रणवीर सिंह शक्तावत, हरजी रायका, उकार बेरवा, विष्णु कुमार शर्मा, शंकरनाथ योगी, मंडल मंत्री नरेश रायका, गोपाल बलाई, चंदा देवी प्रजापत, कैलाशचंद तेली, मुकेश मीणा, कुलदीप सिंह शक्तावत, भाजपा नेता भागचंद जैन, कान सिंह राणावत, पूर्व सरपंच महावीर मीणा, प्रह्लाद वर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



QUICK BITES

## विधायक के हस्तक्षेप से अधिशेष नर्सिंग कर्मियों के बकाया वेतन की प्रक्रिया तेज

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



महात्मा गांधी अस्पताल में कार्यरत अधिशेष घोषित 83 नर्सिंग कर्मियों के दो माह से लंबित वेतन के मामले में मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल के हस्तक्षेप के बाद प्रशासन हरकत में आ गया। विधायक के निर्देश पर चिकित्सा अधीक्षक ने तत्काल बकाया वेतन के बिल तैयार कराने की प्रक्रिया शुरू करवाई।

राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नारायणलाल माली के नेतृत्व में नर्सिंग प्रतिनिधिमंडल ने विधायक खंडेलवाल को ज्ञापन सौंपकर बताया कि मेडिकल कॉलेज से अधिशेष घोषित किए गए 83 नर्सिंग कर्मी वर्तमान में महात्मा गांधी अस्पताल में सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन पिछले दो माह से वेतन नहीं मिलने के कारण उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक खंडेलवाल ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण गौड़ से दूरभाष पर वार्ता कर बकाया वेतन का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद चिकित्सा अधीक्षक ने मामले को प्राथमिकता देते हुए सभी प्रभावित नर्सिंग कर्मियों के वेतन बिल तत्काल तैयार कराने की कार्रवाई शुरू कर दी।

## रूट-1 पर ई-बस संचालन शुरू करने की मांग, गुरलां-कारोई के लोगों ने प्रशासन से की पहल की अपील

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

शहर और ग्रामीण क्षेत्रों को प्रदूषण मुक्त एवं किफायती सार्वजनिक परिवहन से जोड़ने के उद्देश्य से तैयार किए गए ई-बस रूट चार्ट के बावजूद कुछ मार्गों पर अब तक बसों का संचालन शुरू नहीं हो पाया है। इसे लेकर गुरलां और कारोई क्षेत्र के ग्रामीणों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने रूट-1 पर शीघ्र ई-बस सेवा शुरू करने की मांग उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि रूट-1 को प्रशासन ने पहले ही स्वीकृत कर दिया है, लेकिन लंबे समय बाद भी इस मार्ग पर ई-बसें नहीं चलने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि यह मार्ग कारोई, गुरलां, नौगांवा चौराहा, पुर बस स्टैंड, रीको औद्योगिक क्षेत्र, पांसल चौराहा, गंगापुर चौराहा, अजमेर चौराहा, रोडवेज एवं निजी बस स्टैंड होते हुए टंकी के बालाजी स्थित ई-बस डिपो तक जाता है, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिलेगा।

ग्रामीणों के अनुसार इस मार्ग पर ई-बस सेवा शुरू होने से रीको क्षेत्र के श्रमिकों, नौकरीपेशा लोगों, छात्र-छात्राओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को सस्ती, सुरक्षित एवं सुविधाजनक परिवहन व्यवस्था उपलब्ध होगी। साथ ही निजी वाहनों पर निर्भरता भी कम होगी।

क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन एवं नगर निगम से मांग की है कि भीलवाड़ा को मिली 50 ई-बसों में से रूट-1 को प्राथमिकता देते हुए जल्द से जल्द इस मार्ग पर बसों का संचालन शुरू कराया जाए, ताकि आमजन को इसका लाभ मिल सके।

## लायंस क्लब सावर ने 11 जरूरतमंद छात्राओं को वितरित किए स्कूल बैग व अध्ययन सामग्री

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



दिलखुश

लायंस क्लब की ओर से राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, सावर में जरूरतमंद 11 छात्राओं को स्कूल बैग एवं अध्ययन सामग्री वितरित की गई।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष रामेश्वर सुवालका ने छात्राओं को बैग वितरित करते हुए उन्हें मेहनत से पढ़ाई कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मोबाइल फोन के दुष्प्रभावों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

प्रांतीय जीईटी कोऑर्डिनेटर लायन एस.एन. न्याती ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना सभी का कर्तव्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

क्लब अध्यक्ष लायन अशोक कुमार जैन ने बताया कि छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्कूल बैग, अभ्यास पुस्तिकाएं, पेन, पेंसिल, रबर और शार्पनर उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर लायन रामदेव प्रजापत, लायन सूर्य प्रकाश त्रिवेदी सहित विद्यालय स्टाफ के प्रीति श्रृंगी, राजेंद्र माली, प्रियंका आलोरिया, दीप्ति सिंघल, कीर्ति शर्मा, प्रमिला जैन, उषा नाथावत, रचना कसोटिया, लता सैनी एवं अल्का वैष्णव उपस्थित रहे।

अंत में प्रधानाचार्य निरंजन शर्मा ने लायंस क्लब का आभार व्यक्त करते हुए इस पहल की सराहना की।

## चंवरा के हनुमान मंदिर का दानपात्र खोला, 2.34 लाख रुपये की भेंट राशि निकली

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास।



**रोशन ।** मेवाड़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री चंवरा के हनुमान मंदिर में मंगलवार को महाआरती के बाद दानपात्र खोला गया। मंदिर निर्माण समिति की मौजूदगी में दानपात्र की गणना की गई, जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित 2 लाख 34 हजार 173 रुपये की भेंट राशि प्राप्त हुई। दानपात्र खोलने की प्रक्रिया मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष बालूराम अहीर के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस दौरान सचिव मदन सुथार, कालूसिंह चौहान, दिनेश पोरवाल, मोहनसिंह, किशन रेबारी, जगदीश गुर्जर, नारायण गुर्जर, रामकुमार शर्मा, कालू जायसवाल, नेत्रपाल सिंह, लक्ष्मण सिंह, ताराशंकर जायसवाल, बालूलाल शर्मा, लोकेश शर्मा, श्याम शर्मा, भोजा गुर्जर, कैलाशचंद्र तिवारी सहित समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बालिकाओं को नशे से दूर रहने का दिया संदेश, विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

न्याय विभाग के नवाचार 'ट्रांसफॉर्मिंग ट्यूसडे' अभियान के तहत मंगलवार को पीएमश्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बापूनगर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें करीब 300 छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव और उससे जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई।

विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता नानकानी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रमांक-1 अमित कुमार रहे। उन्होंने 'नशे को ना कहो, अपने सपनों को हां कहो' विषय पर छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के मन, शरीर और भविष्य को प्रभावित करता है। उन्होंने छात्राओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और हर परिस्थिति में नशे से दूर रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान न्याय विभाग से ओमप्रकाश गुर्जर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्नेहलता सनाढ्य ने किया, जबकि अंत में मीनाक्षी सुहिल ने आभार व्यक्त किया।

# प्रेस क्लब भीलवाड़ा की नई कार्यकारिणी की घोषणा

## मेठानी फिर बने महासचिव, वर्मा को सौंपी कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



राजेश मेठानी



सतीश वर्मा

प्रेस क्लब भीलवाड़ा के अध्यक्ष सुखपाल जाट ने क्लब की नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। उन्होंने अपनी टीम का गठन करते हुए वरिष्ठ पत्रकार राजेश मेठानी पर एक बार फिर भरोसा जताया है और उन्हें पुनः महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं संगठनात्मक मजबूती और वित्तीय प्रबंधन को देखते हुए सतीश वर्मा को नया कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

प्रेस क्लब अध्यक्ष जाट ने बताया कि सोमवार को दो महत्वपूर्ण पदों पर मनोनयन के साथ ही शेष कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया भी शीघ्र पूर्ण कर घोषणा की जाएगी। नई टीम में भीलवाड़ा शहर के साथ-साथ जिले भर के ग्रामीण और कस्बा क्षेत्रों में ग्राउंड जीरो पर काम कर रहे सक्रिय व ऊर्जावान पत्रकारों को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा, ताकि पत्रकारों के हितों और संगठन की आवाज को और मजबूती मिल सके। महासचिव पद पर राजेश मेठानी की दोबारा नियुक्ति और सतीश वर्मा को कोषाध्यक्ष बनाए जाने पर जिले के मीडिया जगत, विभिन्न पत्रकार संगठनों और प्रबुद्धजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए दोनों पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

# मुनि प्रज्ञान सागर ससंघ का 11वें चातुर्मास हेतु सावर में भव्य मंगल प्रवेश

## धन के पीछे धर्म छोड़ने से कुछ नहीं मिलता : मुनि प्रज्ञान सागर





भीलवाड़ा फोकस @ सावर ।

दिलखुश

सावर कस्बे में मंगलवार को मुनि 108 प्रज्ञान सागर महाराज ससंघ का 11वें चातुर्मास के लिए भव्य मंगल प्रवेश हुआ। जैन समाज ने देवली तिराहे से लेकर अग्रवाल पंचायत भवन तक भव्य शोभायात्रा निकालकर श्रद्धा और उत्साह के साथ मुनि ससंघ का स्वागत किया।

जैन समाज के युवा अध्यक्ष मोनू गंदेरिया एवं शुभम अग्रवाल ने बताया कि आचार्य 108 विनिश्चि सागर महाराज के परम शिष्य मुनि 108 प्रज्ञान सागर महाराज का सावर में लगातार 11वां चातुर्मास हो रहा है। मुनि ससंघ गुणोदय तीर्थ क्षेत्र से विहार कर मंगलवार सुबह कोठारी गार्डन पहुंचा, जहां से देवली तिराहे पर 11 थालियों से पाद प्रक्षालन कर अगवानी की गई।

बैंड-बाजों की मधुर धुनों, धार्मिक जयघोषों तथा महिलाओं और बालिकाओं की सहभागिता के साथ शोभायात्रा देवली तिराहे से खादी भंडार, बस स्टैंड, केकड़ी गेट, इलाजी का चौक होते हुए अग्रवाल पंचायत भवन पहुंची। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने मुनि ससंघ का पाद प्रक्षालन एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि प्रज्ञान सागर महाराज ने कहा कि मनुष्य का परिचय दो प्रकार का होता है–एक बाह्य और दूसरा अंतरंग। बाह्य परिचय को लोग आसानी से समझ लेते हैं, लेकिन अंतरंग परिचय को समझने में अक्सर भ्रमित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि पुरानी बातों को लेकर मन में गलत धारणाएं नहीं रखनी चाहिए। लालच के आगे विवेक भी हार जाता है। यदि धन के पीछे धर्म को छोड़ दिया, तो अंततः कुछ भी प्राप्त नहीं होगा। देव, शास्त्र और गुरु की सेवा ही सच्चा धर्म है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन समाज के महिला-पुरुष, युवा एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# ग्रामीण सेवा शिविर बना जनकल्याण का केंद्र, 22 विभागों ने एक ही छत के नीचे दीं सेवाएं, सैकड़ों ग्रामीण हुए लाभान्वित

भीलवाड़ा फोकस @ सांवर ।

दिलखुश

ग्राम पंचायत पिपलाज में जनकल्याण शिविर के तहत आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर-2026 में मंगलवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया। शिविर में 22 विभागों ने एक ही स्थान पर आमजन को योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही अनेक कार्यों का निस्तारण किया।

शिविर में कार्यवाहक उपखंड अधिकारी भगवती प्रसाद वैष्णव, सहायक विकास अधिकारी चिरंजी लाल वर्मा, प्रशासक प्रतिनिधि शैलेंद्र सिंह शक्तावत, सत्यनारायण बेरवा, स्वच्छ भारत मिशन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रियंक दाधीच, रसद विभाग प्रवर्तन निरीक्षक हेमंत आर्य, उपखंड कार्यालय कार्मिक विनोद सैन, ग्राम विकास अधिकारी राहुल बेरवा, कनिष्ठ सहायक पुखराज जाट, राकेश गुर्जर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

वक्ताओं ने कहा कि शिविर का उद्देश्य राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही सुविधाएं उपलब्ध कराना है।



शिविर में 25 पट्टों का वितरण, स्वच्छ भारत मिशन के तहत 7 व्यक्तिगत शौचालयों की स्वीकृति, प्रधानमंत्री आवास योजना के 3 लाभार्थियों को तृतीय एवं 1 लाभार्थी को द्वितीय किस्त जारी की गई। इसके अलावा 7 पेंशन सत्यापन, 13 जनआधार संशोधन, प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत 1 नया खाता, 7 मंगला पशु बीमा पॉलिसियां, 35 किसानों को मूंग मिनी किट, 34 मृदा स्वास्थ्य कार्ड, चिकित्सा विभाग द्वारा 130 तथा आयुर्वेद विभाग द्वारा 63 मरीजों का उपचार एवं परामर्श किया गया।

विद्युत विभाग ने 6 सोलर कनेक्शन आवेदन प्राप्त किए, परिवहन विभाग ने 11 स्मार्ट कार्ड पंजीकरण किए। राजस्व विभाग ने 18 खातों का शुद्धिकरण, 4 बंटवारा प्रकरण, 15 नामांतरण, 5 सीमा ज्ञान (पत्थरगढ़ी) प्रकरण तथा 55 जाति एवं मूल निवास प्रमाण पत्र जारी किए। वहीं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 49 किसानों का पंजीकरण भी किया गया।

शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति रही और लोगों ने विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ उठाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया।

# विधिक जागरूकता शिविर में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार मंगलवार को 'ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे' कार्यक्रम के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस माह की थीम 'नशे को ना कहें, अपने सपनों को हां कहें नशा भविष्य नहीं है, अपने मन, शरीर और भविष्य की रक्षा करें' रही।

शिविर में तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष रूपल अग्रवाल ने विद्यार्थियों को नशे और मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के साथ-साथ उनसे जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशीले पदार्थों का निर्माण करना, बेचना, खरीदना,




अपने पास रखना अथवा उनका सेवन करना कानूनन दंडनीय अपराध है।

उन्होंने अफीम, चरस, गांजा, हेरोइन, कोकीन जैसे प्राकृतिक नशीले पदार्थों तथा एलएसडी, एमडीएमए, कुछ कफ सिरप और नींद की गोलियों जैसे रासायनिक नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया।

शिविर में पैनल अधिवक्ता सुनील जोशी एवं प्रदीप शर्मा ने भी विद्यार्थियों को नशे के सामाजिक, शारीरिक और कानूनी दुष्परिणामों से अवगत कराया।

इस अवसर पर रीडर गोपेश कुमार शर्मा, लिपिक प्रथम दीपिका डाबी, पैरा लीगल वॉलंटियर (पीएलवी) रामबाबू माथुर एवं अंजली नायक, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मालीराम यादव, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कन्हैयालाल शर्मा, प्रधानाचार्य दिलीप सिंह, विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# ग्रामीण सेवा शिविर में 50 साल पुराना राजस्व विवाद सुलझा, 60 से अधिक किसान परिवारों को राहत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राज्य सरकार के ग्रामीण सेवा शिविर अभियान के तहत ग्राम पंचायत महेन्द्रगढ़ में आयोजित शिविर में वर्षों से लंबित राजस्व प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर की सबसे बड़ी उपलब्धि करीब 50 वर्ष पुराने संयुक्त (शामलाती) राजस्व खाते का बंटवारा कर किसानों को राहत दिलाना रही।

उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में राजस्व




विभाग ने लगभग 9.96 हेक्टेयर भूमि से जुड़े संयुक्त खाते का परीक्षण कर सभी पक्षों की सहमति से विधिवत बंटवारा कराया। इससे संबंधित किसानों को अपनी भूमि का स्पष्ट स्वामित्व मिला तथा नामांतरण, बैंक ऋण, फसल बीमा और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

शिविर के दौरान पांच सहमति बंटवारे कर 18 किसानों को लाभान्वित किया गया। वहीं 25 खातों में दर्ज 42 किसानों के राजस्व अभिलेखों में वर्षों से चली आ रही त्रुटियों का भी मौके पर ही संशोधन किया गया। इससे किसानों को भविष्य में राजस्व विवादों और अनावश्यक कार्यालयी प्रक्रियाओं से राहत मिलेगी।

ग्रामीणों ने बताया कि पहले छोटी-छोटी राजस्व समस्याओं के समाधान के लिए उन्हें बार-बार तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते थे, जबकि ग्रामीण सेवा शिविर में एक ही स्थान पर त्वरित और पारदर्शी समाधान मिलने से समय, श्रम और धन तीनों की बचत हो रही है।

# लाडो प्रोत्साहन योजना से नवजात बेटी को मिला प्रोत्साहन, ग्रामीण सेवा शिविर में सौंपा चेक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

पंचायत समिति सुवाणा की ग्राम पंचायत आरजिया में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग ने राज्य सरकार की लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत लाभार्थी ममता कंवर को उनकी पुत्री कीर्ति कंवर के जन्म पर 2,500 का प्रोत्साहन चेक एवं बधाई संदेश प्रदान किया।

शिविर के दौरान अधिकारियों ने परिवार को बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की




जानकारी देते हुए बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया।

लाभ मिलने पर ममता कंवर ने राज्य सरकार एवं प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी योजनाएं बेटियों के जन्म को प्रोत्साहन देने के साथ परिवारों में सकारात्मक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

इस अवसर पर शिविर प्रभारी एवं विकास अधिकारी जितेन्द्र गुरनानी, तहसीलदार ललित सेन, नायब तहसीलदार रोनक शर्मा, सहायक विकास अधिकारी दिनेश कुमार, प्रशासक पूर्णिमा कंवर, महिला अधिकारिता विभाग की पर्यवेक्षक मीनल विजयवर्गीय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रदेशभर में अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग का बड़ा अभियान

## सीकर में भारी मात्रा में स्पिरिट व अवैध शराब जब्त, हनुमानगढ़-बांसवाड़ा-चित्तौड़गढ़ में हजारों लीटर वॉश नष्ट

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राज्य में अवैध मदिरा के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग ने प्रदेशभर में व्यापक अभियान चलाया। आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में नाकाबंदी, गश्त और दबिश जैसी निरोधात्मक कार्रवाइयों के दौरान कई जिलों में अवैध शराब, स्पिरिट और कच्ची भट्टियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई।

आबकारी विभाग की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, सीकर जिले में ईपीएफ टीम सीकर एवं नागौर की



संयुक्त कार्रवाई में जयपुर जंक्शन क्षेत्र से भारी मात्रा में स्पिरिट एवं अवैध मदिरा जब्त की गई।

हनुमानगढ़ जिले के गंगागढ़, देबूघाट, दड़बली बास मौलवी एवं घग्गर बहाव क्षेत्र में आबकारी टीम ने दबिश देकर 4,500 लीटर वॉश नष्ट किया तथा 8 कच्ची भट्टियों को ध्वस्त किया।

बांसवाड़ा जिले के दानपुर एवं अंबापुरा क्षेत्र में अवैध हथकड़ शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 3,000 लीटर वॉश, 2 कच्ची भट्टियां नष्ट की गई तथा 35 बोतल अवैध हथकड़ शराब बरामद की गई।

वहीं चित्तौड़गढ़ जिले में ईपीएफ टीम निम्बाहेड़ा की कार्रवाई में 500 लीटर वॉश नष्ट कर 30 लीटर अवैध शराब बरामद की गई तथा दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

इसके अलावा हनुमानगढ़ जिले में भारतमाला एक्सप्रेस-वे स्थित नगराना टोल पर नाकाबंदी कर वाहनों की सघन जांच भी की गई।

आबकारी विभाग ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में अतिरिक्त आबकारी आयुक्त, आबकारी उपायुक्त, जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी निरीक्षक एवं आबकारी निरोधक दल द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत लगातार नाकाबंदी, गश्त एवं दबिश की कार्रवाई जारी है।

# भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने की सात जिला अध्यक्षों की घोषणा

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर। ।**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक गोपीचंद मीणा ने मोर्चा के शेष सात जिला अध्यक्षों की घोषणा की है। जारी सूची के अनुसार जोधपुर दक्षिण से सुरजाराम भील, जोधपुर शहर से सुरेंद्र कुमार भील, अलवर उत्तर से जलेसिंह मीणा, झुंझुनूं से दलीप सिंह मीणा, सीकर से विनोद कुमार मीणा, जैसलमेर से दलाराम भील तथा पाली से मादाराम मीणा को अनुसूचित जनजाति मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष गोपीचंद मीणा ने सभी



नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि सभी पदाधिकारी भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रवादी विचारधारा, संगठन की रीति-नीति तथा जनसेवा के संकल्प को पूरी निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

# सवाईपुर व बनकाखेड़ा में ग्रामीण सेवा शिविर, अधिकारियों की देरी पर नाराजगी

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर। ।**

**साँवर वैष्णव** ।कस्बे एवं बनकाखेड़ा ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर मंगलवार को ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए गए। शिविर में कार्यवाहक उपखंड अधिकारी सुनील मीणा, तहसीलदार श्रीलाल मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।

शिविर के दौरान ग्रामीणों ने राजस्व से जुड़े भूमि अनियमितता के मामले की जांच की मांग की। तहसीलदार ने पुराने रिकॉर्ड मंगवाकर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया।



अधिकारियों के देरी से पहुंचने और शिविर की पर्याप्त सूचना नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। शिविर में 110 पेंशन सत्यापन, 22 जाति एवं मूल निवास प्रमाण पत्र सहित विभिन्न प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया।

## QUICK BITES

### जन कल्याण ग्रामीण सेवा शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़, विभिन्न विभागों ने सुनी समस्याएं और किए मौके पर समाधान

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**



**(रोशन )।** सुसर ग्राम पंचायत में मंगलवार को जन कल्याण ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर आमजन को राहत प्रदान की।

शिविर में राजस्व, पंचायत राज, कृषि, चिकित्सा, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, जलदाय, विद्युत, पशुपालन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने नाम संशोधन, राजस्व रिकॉर्ड, पेंशन, पट्टा, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित प्रकरण प्रस्तुत किए, जिनका विभागीय अधिकारियों द्वारा त्वरित निस्तारण किया गया।

शिविर के दौरान पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया तथा आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

शिविर में उपखंड अधिकारी स्वाति , मांडलगढ़ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहीर, सरपंच प्रतिनिधि भैरूलाल सालवी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य युवराज सिंह, लोकेश सुथार, कालू सिंह चौहान, नारायण गुर्जर सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### बारिश और कीचड़ के बीच निकली शवयात्रा, मूलभूत सुविधाओं के अभाव में खुले आसमान तले हुआ अंतिम संस्कार

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**



**(दिलखुश)।** ग्राम पंचायत घटियाली के गणेशपुरा गांव में मंगलवार को एक बुजुर्ग महिला की अंतिम यात्रा के दौरान ग्रामीणों को बदहाल व्यवस्थाओं का सामना करना पड़ा। लगातार बारिश के बीच 70 वर्षीय नर्मदा देवी के निधन के बाद उनकी शवयात्रा घुटनों तक भरे कीचड़ और बरसाती पानी से होकर श्मशान घाट पहुंची।

श्मशान घाट तक जाने वाले करीब 200 मीटर लंबे कच्चे रास्ते पर जलभराव और दलदल होने से अर्थी ले जाने में ग्रामीणों को भारी मशक्कत करनी पड़ी। अंतिम संस्कार की सामग्री लेकर पहुंची एक कैंपर गाड़ी भी कीचड़ में फंस गई, जिसे ग्रामीणों ने धक्का लगाकर बाहर निकाला।

श्मशान घाट पर टिन शेड और चारदीवारी जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं होने से तेज बारिश के बीच खुले आसमान के नीचे अंतिम संस्कार करना पड़ा। बारिश के कारण चिता जलाने में भी कठिनाई आई, जिसके चलते उसे जलाए रखने के लिए टायर-ट्यूब का सहारा लेना पड़ा। अंतिम संस्कार में शामिल सभी लोग पूरे समय बारिश में भीगते रहे।

ग्रामीणों ने बताया कि गणेशपुरा, नाड़ी और रात्या गांवों के श्मशान घाट वर्षों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि तीनों श्मशान घाटों पर शीघ्र पक्का मार्ग, टिन शेड, चारदीवारी, पेयजल और बैठने की व्यवस्था कराई जाए, ताकि भविष्य में किसी भी परिवार को ऐसी विषम परिस्थितियों का सामना न करना पड़े।

### थलखुर्द से ककरोलिया घाटी तक डामर सड़क क्षतिग्रस्त, राहगीरों को हो रही भारी परेशानी

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**




थलखुर्द से ककरोलिया घाटी तक जाने वाली डामर सड़क इन दिनों पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। सड़क पर जगह जगह गहरे गड्ढे बन जाने से वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग दुर्घटना का कारण बनता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से सड़क की मरम्मत नहीं होने के कारण स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। बरसात के मौसम में गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ जाती है। इस मार्ग से प्रतिदिन आसपास के गांवों के ग्रामीण, किसान, विद्यार्थी एवं अन्य लोग आवागमन करते हैं, लेकिन क्षतिग्रस्त सड़क के कारण यात्रा कठिन और जोखिमभरी हो गई है। कई स्थानों पर सड़क की डामर परत पूरी तरह उखड़ चुकी है। थलखुर्द निवासी ग्रामीण नन्दलाल गुर्जर ने संबंधित विभाग एवं जनप्रतिनिधियों से शीघ्र सड़क की मरम्मत कराने की मांग करते हुए बताया कि यह मार्ग क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण प्रतिदिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। यदि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं कराई गई तो बरसात के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। उन्होंने जनहित को देखते हुए जल्द से जल्द सड़क का पुनर्निर्माण एवं गड्ढों की मरम्मत कराने की मांग की।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।

C M Y K